कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवां, रायपुर (छ.ग.)

Email Id-dharsiwacollege1989@gmail.com Website-www.gpssc.in contactNo.9893119114

क्रमांक/1278/2024 धरसींवा, दिनांक: 30/09/2024

-: विज्ञापन :-

(स्ववित्तीय योजना के तहत् प्रयोगशाला तकनीशियन कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण)

शैक्षणिक सत्र 2024-25 स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत संचालित पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रयोगशाला तकनीशियन कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित है। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा एवं समस्त प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन पत्र दिनांक 07/10/2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक से भेजकर जमा कर सकते है। दिनांक 07/10/2024 के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.	विषय पाठ्यक्रम	पदों की संख्या	न्यूनतम अर्हता	पात्रता एवं चयन प्रक्रिया
1	पी.जी.डी.सी.ए.	01	B.Sc.(IT), B.Sc.(CS), BCA	मेरिट के आधार पर

टीप- यह व्यवस्था निम्नलिखित शर्तो के अधीन होगी।

1. उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक अर्हता यू.जी.सी./ छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा , रायपुर द्वारा समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुरूप होगी।
2. यह व्यवस्था 30/04/2025 तक के लिये होगी। शासन के निर्देशानुसार यह व्यवस्था बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है।
3. चयनित उम्मीदवार को स्ववित्तीय व्यवस्था के बजट में उपलब्ध राशि के तहत मानदेय देय होगा। अनुपस्थित अवधि का वेतन नियमानुसार काटा जावेगा।
4. यह नियुक्ति नहीं अपितु अध्यापन व्यवस्था है अतः कार्यरत शिक्षकों की सेवाएँ भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं बनेगी और न ही अधिमानित बर्ताव के हकदार होंगे ।
5. चयनित उम्मीदवार के विरुद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा उम्मीदवार शासकीय/ अर्धशासकीय सेवक न हो। इस आशय का शपथ-पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय संबंधित को प्रस्तुत करना होगा।
6. यह सेवा पूर्णतः अस्थायी एवं अंशकालीन है। कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर आपकी सेवा बिना पूर्व सूचना के प्राचार्य द्वारा समाप्त की जा सकेंगी।
7. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष द्वारा सौंपे गये महाविद्यालय के अन्य कार्य भी पूर्ण करने होगे।
8. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय सर्वमान्य होगा।

डॉ. शबनूर सिद्दीकी

प्राचार्य

प्रभारी प्राचार्य

शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय

धरसींवा (शंकर नगर) रायपुर (छ.ग.)

धरसींवा, रायपुर(छ.ग.)

पृ क्रमांक /1279/स्था/2024 धरसींवा दिनांक/30/09 /2024

प्रतिलिपि-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
2. लेखा शाखा / स्थापना, शा. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा को सूचनार्थ।
3. जिले के समस्त शासकीय /अशासकीय महाविद्यालय ....
4. महाविद्यालय के वेबसाइट प्रभारी को सूचनार्थ।

डॉ. शबनूर सिद्दीकी

प्राचार्य

शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय

धरसींवां, रायपुर(छ.ग.)

प्रभारी प्राचार्य

धरसींवा (शंकर नगर) रायपुर (छ.ग.)